हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–117 : जौनपुर, शुक्रवार 24 जून 2022 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

सीएम रखेंगे स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की आधारशिला : अगले महीने भूमि पूजन संभव

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर के गीडा में बनने वाले प्रदेश के पहले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का भूमि पूजन अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं। इंस्टीट्यूट की डीपीआर तैयार कर ली गई है। इस सप्ताह इंस्टीट्यूट के लिए जमीन के बैनामे की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। बता दें कि पिछले वर्ष जुलाई में पिपराइच ब्लॉक के अगया गांव में पांच एकड़ जमीन इंस्टीट्यूट के नाम अंकित कर दी गई थी। मगर महाप्रबंधक पर्यटन विभाग ने इसे अनुपयोगी बताते हुए जिला प्रशासन को दूसरी जगह जमीन चिह्नित करने के लिए कहा था। इसपर तत्कालीन डीएम विजय किरन आनंद ने सीईओ गीडा को गीडा क्षेत्र में ही इंस्टीट्यूट के लिए जमीन तलाशने का निर्देश दिया था। इसके बाद इंस्टीट्यूट के लिए गीडा कार्यालय के ठीक सामने छह एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई। जमीन के रजिस्ट्री की प्रक्रिया चल रही है। पर्यटन विभाग के मुताबिक इस सप्ताह के अंत तक जमीन की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखवाने की तैयारी में है। पूर्वांचल के साथ बिहार व नेपाल के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ इस संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों को कम खर्च पर होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। इससे न केवल पूर्वांचल बल्कि, पड़ोसी राज्य बिहार के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा।

स्थानीय होटलों से होगा अनुबंध इंस्टीट्यूट में 400 से अधिक छात्र–छात्राओं को पढ़ाने की व्यवस्था होगी। शहर के होटलों के साथ इस संस्थान का अनुबंध भी होगा। संस्थान में होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में डिप्लोमा से लेकर मास्टर्स तक के पाठ्यक्रम संचालित होंगे। संस्थान में शिक्षकों और सभी कर्मचारियों की नियुक्ति नियमित होगी और सभी सरकारी पे रोल पर होंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के लिए गीडा कार्यालय के सामने जमीन चिह्नित कर ली गई है। इस सप्ताह जमीन की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इंस्टीट्यूट का भूमि पूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराने की तैयारी है।

सत्यम शंकर सहाय बने 10वीं बार ' आयरन मैन'

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश ही नहीं आसपास के कई राज्य में 44 वर्षीय सत्यम शंकर सहाय इकलौते व्यक्ति हैं जो 10वीं बार ' आयरन मैन' बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कैनर्स में 12 जून को आयोजित इस प्रतियोगिता को उन्होंने 13 घंटे 31 मिनट में पूरा किया। भागलपुर के मूल निवासी सत्यम वर्तमान में लखनऊ में रहते हैं। खास बात यह है कि सत्यम ने इसके लिए 2017 से 39 साल की उम्र में तैयारी शुरू की। आखिर इस उम्र में 'आयरन मैन' बनने की कैसे सोची। सत्यम ने कहा, मेरा शिक्षण से जुड़ा व्यवसाय अच्छा चल रहा था, लेकिन जीवन में कुछ अलग करना चाहता था। मुझे अपनी फिटनेस का ख्याल आया। यह बहुत अच्छी नहीं थी। इसके लिए मैंने इंटरनेट खंगाला तो आयरन मैन प्रतियोगिता का पता चला। यह भी पढ़ा कि मॉडल मिलिंद सोमन ने इसे 17 घंटे में पूरा किया था।बस मैंने भी ठान लिया और तैयारी शुरू कर दी। अब यह मेरा पैशन है। प्रशिक्षण और खर्च के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं ऑस्ट्रेलिया के 1 ट्रेनर से प्रशिक्षण ले रहा हूं। इसमें सालाना छह लाख रुपये लग जाते हैं।

खानपान और अन्य संसाधनों में भी करीब छह लाख तक खर्च हो जाते हैं। प्रतियोगिता में विदेश जाता हूं तो वह अलग खर्च होता है मगर इसमें कोई अलग कमाई नहीं होती है। हां यदि स्पांसर मिल जाए तो आय हो सकती है। प्रथम, द्वितीय या तृतीय आने पर मेडल और सर्टिफिकेट मिलते हैं।भारत में इसका अभी प्रचलन नहीं है। विदेश के लोग कई बार की सफलता के बाद इसमें ट्रेनर बन जाते हैं और इसे ही व्यवसाय बना लेते हैं।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

'इंटरमीडिएट परीक्षा 2022 के परीक्षा फल में टॉप टेन में देश भारती'

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश भारती इंटर कॉलेज के छात्र 'अंकित कुमार' को यू0पी0 बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में सम्मिलित होने

के लिए माननीय मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ' एवं उप–मुख्यमंत्री 'बृजेश पाठक' ने अपने आवास कालीदास मार्ग, लखनऊ में सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरज वोरा, शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, विधायक विजय पाठक विशेष रुप से सम्मिलित रहे। 'अंकित कुमार' के माता–पिता एवं संस्था के प्रबंधक 'राष्ट्रीय कवि वेद व्रत वाजपेई' को भी सम्मानित किया गया।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 29 जून से 03 जुलाई 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन–जागरूकता अभियान के सम्बन्ध ा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा नगर विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के अन्तर्गत 29 जून 2022 से 03 जुलाई 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध ा को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन–जागरूकता अभियान ''रेस'' (रिडक्शन, अवेयरनेस सर्कुलर (समाध ाान) और (मास) एंगेजमेंट) आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल, बस अड्डे, बाजार, मण्डी, रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशन, कार्यालय परिसरों, शैक्षिक संस्थानों के परिसरों, खाली पड़ी भूमि, घाट एवं नदी–नालों के किनारें इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाध ानों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुए उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री–साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित कराया जाना है और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में वृहद जन–जागरूकता अभियान चलाया जाना है। 29 जून 2022 को प्लास्टिक से मुक्त जीवन थीम के अंतर्गत इस कार्यक्रम की लांचिंग जागरुकता कार्यक्रम, स्वच्छता शपथ, प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर निकाय स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी प्रतिबंध हेतु स्कूल, कार्यस्थल, पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महाशपथ अभियान का आयोजन किया जाएगा। हॉटस्पॉट परिवहन केंद्र, रेलवे लाइन स्टेशन, बस स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक कलेक्शन एवं महासफाई का आयोजन किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध प्रबंधन तथा विकल्पों पर स्कूलों और डब्ल्यू ए पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। 30 जून 2022 को 3आरएस रिड्यूस, रियूज, री–साइकिल थीम के अंतर्गत प्लास्टिक के रोकथाम हेतु स्कूल, कार्यस्थल, पार्क तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महा संपर्क अभियान का आयोजन किया जाएगा। हॉटस्पॉट, परिवहन केंद्र, रेलवे लाइन, स्टेशन, बस स्टैंड तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्लास्टिक कलेक्शन एवं महा सफाई का आयोजन किया जाएगा। अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनाने हेतु अप–साइकिलिंग कार्य योजनाओं का आयोजन कार्यशाला में बनाई गई वस्तुओं को इको मेला का आयोजन कर प्रदर्शित किया जाएगा। 01 जुलाई 2022 को लांच ऑफ प्लास्टिक फ्री जोन थीम के अंतर्गत प्लास्टिक के रोकथाम हेतु कार्यक्रम किया जाएगा। 2 जुलाई 2022 को घाट है तो ठाट है थीम के अंतर्गत घाटो, तालाबों पर महा सफाई का आयोजन किया जाएगा। नालों व नालियों की साफ–सफाई की जाएगी। 03 जुलाई 2022 को स्वच्छता से सम्मान के अंतर्गत इको मेला का आयोजन किया जाएगा। अनौपचारिक कचरा, संग्रहकर्ता, स्वयंसेवी संस्थानों, ग्रीन हीरोज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि 03 जुलाई 2022 को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस के शुभ अवसर पर राज्य स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट की समाधानों एवं सफल प्रयोगों के संबंध में जानकारी प्राप्त किए जाने हेतु ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित कराई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, डीएफओ प्रवीण खरे, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री द्वारा अमृत सरोवर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वि0ख0 कुड़वार गोवंश आश्रय स्थल केवटली वि0ख0 धनपतगंज का किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उ0प्र0 सरकार श्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा जनपद का 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गुरूवार को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स के साथ ग्राम पंचायत सचिवालय में आयोजित चौपाल, प्राथमिक विद्यालय परसीपुर, दिव्यांग शुलभ शौंचालय, प्रध ाानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित भवन, अमृत सरोवर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वि0ख0 कुड़वार, गोवंश आश्रय स्थल केवटली, वि0ख0 ध ानपतगंज का निरीक्षण किया गया। राज्यमंत्री जी द्वारा नवनिर्मित ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव से सचिवालय में किये जाने वाले कार्यों का यथा– आधार कार्ड, आयुष्मान गोल्डन कार्ड आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात नवनिर्मित दिव्यांग शुलभ शौंचालय का निरीक्षण कर साफ–सफाई आदि का जायजा लिया। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय परसीपुर का निरीक्षण कर पठन पाठन, स्कूल ड्रेस, रसोईयॉ आदि का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री द्वारा कक्षा में बच्चों से सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न किया गया तथा मंत्री जी द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इसके उपरान्त ग्राम पंचायत परसीपुर में आयोजित चौपाल में सम्मिलित होकर विभिन्न जन कल्याणकारी/सरकारी योजनाओं से लाभांन्वित होने वाले लाभार्थियों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पात्र लाभार्थियों यथा– आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी शामिल थे। मंत्री जी द्वारा चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास नीति के तहत समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा जरूरत मंद लोगों को गैस,

आवास, बिजली, शौंचालय, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को आंगनबाड़ी केन्द्र, बारात घर और अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण का आश्वासन दिया तथा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इनका निर्माण यथाशीघ्र कराया जाय।तत्पश्चात मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा ग्राम पंचायत परसीपुर में नवनिर्मित अमृत सरोवर का स्वयं अपने हाथों से विधि विधान व पूजन अर्चन के साथ शिलान्यास किया गया। इसके पश्चात राज्यमंत्री द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुड़वार का निरीक्षण किया गया। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा आमजनता के लिये पीने हेतु लगाये गये आर.ओ. में जलापूर्ति को चेक कर स्वयं पानी पीकर गुणवत्ता परखी गयी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निरीक्षण के समय लैब, आरटीपीसीआर, एक्स–रे कक्ष, कोल्डचेन, जन औषधि ा केन्द्र, आपरेशन थियेटर कक्ष, जननी सुरक्षा कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता सम्बन्धित रजिस्टर, दवाइयों की एक्सपायरी डेट आदि का गहन निरीक्षण कर सत्यापन किया। उन्होंने अपने निरीक्षण में साफ–सफाई, कोविड–19 से सम्बन्धित बचाव एवं प्रचार–प्रसार के विषय में जानकारी प्राप्त की और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले सभी मरीजों का इलाज प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। तत्पश्चात मंत्री द्वारा गोवंश आश्रय स्थल केवटली, विकास खण्ड धनपतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीन शेड गोवंशों के रहने हेतु बनाये गये थे। गोवंश आश्रय स्थल पर साफ–सफाई अच्छी पायी गयी। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा गोशाला की साफ–सफाई व आधारभूत सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार गोवंशों के रहने व हरा चारा हेतु अतिरिक्त भूखण्ड चिन्हित कर गोवंशों के रख रखाव हेतु व्यवस्था की जाय। उन्होंने गोशाला में नवनिर्मित वर्मी कम्पोस्ट का पिट का भी निरीक्षण किया गया। मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा गो–पालक रिंकू को एक बछिया दान की गयी, जिसके पालन–पोषण की जिम्मेदारी का वादा रिंकू लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स व अन्य जनपद स्तरीय व विकास खण्ड अधिकारी उपस्थित रहे।

पत्रकार विपिन गुप्ता बनाये गये भाजपा के मुम्बई जिला सह मीडिया प्रभारी

मुम्बई डीकेयू ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता,व विधानसभा विरोधी पक्ष नेता देवेन्द्र फडनवीस, जिलाध्यक्ष एडवोकेट भाई रवि व्यास के निर्देश पर पत्रकार बिपिन गुप्ता की नियुक्ति मीडिया सह प्रभारी

जिला के पद पर की गई। उक्त अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष रवि व्यास, मिडिया सयोंजक भरत मिश्रा और जिला महामंत्री अजय सिंह, पत्रकार सुधीर शुक्ला, मनीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, रामशंकर पाल, गीता परदेशी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। विपिन गुप्ता देश की उपासना समाचार पत्र के मुम्बई ब्यूरो चीफ तथा जनपद जौनपुर गौराबादशाहपुर क्षेत्र के मूल निवासी हैं।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों साथ की बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिशासी अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित होने पर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर के जे.ई का 01 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कहीं भी जलजमाव की स्थिति आने न पाए। नगर पंचायत/नगर पालिका की नालियों का वृहद साफ–सफाई कार्य कराया जाए अन्यथा जलजमाव की स्थिति होने पर निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन ग्राम पंचायतों में पूर्व में जलजमाव की स्थिति आई थी, उसको तत्काल सही करा ले। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय को निर्देश दिया कि जलजमाव के संबंध में कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए और उसके लिए एक अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को नामित किया जाए, कंट्रोल रूम के नंबर का प्रचार–प्रसार कराया जाए, जिससे जनपद में कहीं भी जलजमाव की स्थिति हो तो आम जनमानस अवगत करा सकें। अध ीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि पीडब्ल्यूडी की सड़कों की वजह से कहीं भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके संबंध में तैयारी कर लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की और अधिशासी अधि ाकारियों को निर्देश दिया कि बैंक से समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाये। उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांजैक्शन में वृद्धि लाई जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधि ाकारियों को निर्देश दिया कि कि क्यु आर कोड वितरण में शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, डीएफओ प्रवीण खरे, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।

सेंधमारी कर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पंवारा थाना के बामी गाँव मे बीती रात चोरो ने से मारी करके एक घर से आभूषण कपडे से सहित लगभग 30 हजार का माल चुरा लिया सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिजनो ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुची पुलिस जांच मे जुट गयी। पवांरा थानांतर्गत आने वाले गांव बामी में बीती रात घर की दीवाल में सेंधमारी कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। गांव की मुख्य बस्ती से दूर दिनेश यादव का घर है।रात में दिनेश के परिजन उसके घर में ताला बन्द कर बाहर सो रहे थे। चोर घर की दीवाल में पीछे से सेंध ामारी कर घर से सामान निकाल ले गये। शुक्रवार की सुबह जब परिजन जगे तो इस घटना को देखकर हैरत में पड़ गए।दिनेश ने इस घटना की सूचना पवांरा थाने पर दी। थाने से आयी पुलिस ने मौके वारदात का मुआयना किया।बैग का सारा सामान घर से करीब दो सौ मीटर दूर बिखरा पड़ा था। पीड़ित दिनेश ने बताया कि बैग से दो सोने की अंगूठी एक सोने का लाकेट और बच्चों का चांदी का बिछिया और चांदी का पायल गायब था। लगभग 30 हजार का नुकसान हुआ है घटना स्थल पर प्रधान पति शैलेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुच गये। पुलिस मौका मुआयना करके आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
श्रेष्ठता जन्म से नहीं, गुणों से होती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

राजनीतिक निहितार्थ : क्या लोकसभा चुनावों तक सुर्खियों में रहेगा मुद्दा

नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी। जकारिया लिखते हैं, 'कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली।

ऐसा लगता है कि नेशनल हेराल्ड–यंग इंडिया से संबंधित कथित मनी लॉन्डरिंग के कानूनी मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के साथ ही मोतीलाल वोरा तथा ऑस्कर फर्नांडीस (दोनों अब दिवंगत) के प्रतिनिधित्व वाली यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड ने एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) का स्वामित्व हासिल करने के लिए 2012 में कांग्रेस को 50 लाख रुपये का भुगतान किया था। इसे चुनौती देते हुए तब दिल्ली हाईकोर्ट में एक मामला दर्ज किया गया।

इस मामले के याचिकाकर्ता भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी के मुताबिक, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा ऋण के रूप में हस्तांतरित 90.21 करोड़ रुपये के अलावा यंग इंडिया के पास अपनी कोई संपत्ति नहीं थी, जिसे कथित तौर पर 50 लाख रुपये के ऋण की बिक्री के रूप में छिपाया गया था। स्वामी यह भी दावा करते हैं कि एजेएल के पास दिल्ली, भोपाल, इंदौर, लखनऊ, पंचकुला और अन्य स्थानों पर 1,600 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र तथा सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। ईडी ने पिछले दो दिनों में राहुल से कई घंटों की पूछताछ की है। कांग्रेस की इस आलोचना में दम है कि कैसे प्रवर्तन निदेशालय कथित रूप से राजनीतिक प्रतिशोध के मामलों में शामिल रहा है। इस वर्ष मार्च में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न में ईडी के प्रदर्शन के बारे में कई तरह के सवाल पूछे थे।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया कि वर्ष 2004–14 के दौरान, 112 तलाशी की गई, नतीजतन 5,346.16 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 104 मामले दर्ज किए गए। लेकिन वर्ष 2014–22 के दौरान, 2,974 तलाशी की गई, नतीजतन 95,432.08 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और 839 मामले दर्ज किए गए। लेकिन ईडी के मामलों में सजा की दर देखें, तो वह और भी चौंकाने वाली है। ईडी की सजा की दर एक प्रतिशत से भी कम है।

वास्तव में, 0.5 प्रतिशत से भी कम। 2,974 छापे में 23! समझ सकते हैं कि कथित गलत कामों के आधार पर 2,974 व्यक्तियों के सम्मान और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया, जबकि केवल 23 को ही दोषी पाया गया। 2,951 व्यक्तियों और संस्थाओं की गरिमा कौन बहाल करेगा? इस लिहाज से, कांग्रेस के सवाल उठाने और राहुल, सोनिया गांधी के साथ खड़े होने में कुछ भी गलत नहीं है। दूसरी ओर, भाजपा या एनडीए सरकार कांग्रेस पर हमलावर है।

राज्यसभा चुनावों के बाद कांग्रेस का संख्याबल और घट गया है, जिससे कांग्रेस में बेचैनी चरम पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपने पूरे प्रचार अभियान में 'भ्रष्ट' लोगों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था, चाहे कोई कितना ही बड़ा क्यों न हो। यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। नेशनल हेराल्ड की कहानी वित्तीय शब्दजाल और जटिलताओं से भरी है, जिसमें मतदाताओं को यह समझाने की क्षमता है कि कोई बड़ा, भयावह घोटाला हुआ है।

राजनीतिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी अपने विरोधियों से निपटने को लेकर सावधानी बरतते रहे हैं। शायद उन्हें पता है कि कैसे इंदिरा गांधी ने अक्तूबर, 1977 से 1979 के बीच शानदार वापसी की थी, जब उनके राजनीतिक विरोधी मोरारजी देसाई और चरण सिंह उन्हें निपटाने की कोशिश कर रहे थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या राहुल अपनी दादी के कौशल को दोहरा सकते हैं। निजी तौर पर ज्यादातर पार्टी नेता मोदी शासन के खिलाफ पलटवार करने की राहुल और कांग्रेस की क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं लगते।

वैसे वर्ष 1938 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड का गलत कारणों से सुर्खियों में रहने का इतिहास रहा है। अपने पूरे इतिहास में नेशनल हेराल्ड एक वित्तीय आपदा बना रहा। आजादी से पहले तीन साल तक अखबार बंद पड़ा था। बहाना ब्रिटिश सेंसरशिप था, लेकिन वास्तविक कारण धन की कमी का बताया जाता है। नेहरू के जीवनीकार बेंजामिन जकारिया के अनुसार, नेहरू ने 1936 में एक अखबार चलाने का फैसला किया था, जब वह खुद कांग्रेस की आंतरिक राजनीति से निराश हो रहे थे और उन्हें अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता थी।

जकारिया लिखते हैं, 'कांग्रेस को नियंत्रित करने वाली प्रतिक्रियावादी प्रवृत्तियों में स्वयं को उलझा पाकर और उसे रोक न पाने की बेबसी में जवाहरलाल ने पत्रकारिता की शरण ली। वर्ष 1936 में उन्होंने अपना खुद का अखबार शुरू करने का विचार किया और 9 सितंबर, 1938 को लखनऊ से नेशनल हेराल्ड का प्रथम अंक प्रकाशित हुआ।' जकारिया का दावा है कि जिन सिद्धांतों को वह सार्वजनिक जीवन में खुलकर नहीं कह सकते थे, उन्हें अहस्ताक्षरित संपादकीय के जरिये व्यापक पाठकों के सामने पेश किया।

कुछ मौकों पर नेहरू ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने विचार व्यक्त करने के लिए नेशनल हेराल्ड का इस्तेमाल किया। इंदर मल्होत्रा के अनुसार, अप्रैल, 1954 में अमेरिका द्वारा बिकनी द्वीप के परमाणु परीक्षण के बाद जब पत्रकारों ने प्रतिक्रिया चाही, तो नेहरू ने उनसे कुछ नहीं कहा। तब लखनऊ में मौजूद नेहरू सीधे हेराल्ड के दफ्तर गए और एक लेख लिख डाला– डेथ डीलर (मौत के सौदागर)! ईडी की कार्रवाई के बीच कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राहुल कुछ दिन तो जेल में गुजार सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक वहां रहना या लंबा राजनीतिक अभियान चलाना उनके वश का नहीं है।

कांग्रेस नेताओं का यह भी मानना है कि नेशनल हेराल्ड–यंग इंडिया ने जो कुछ किया, वह अनावश्यक था, क्योंकि वे जो करना चाहते थे, उसके लिए बेहतर विकल्प देखे जा सकते थे। ऐसा कहा जाता है कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता (जो अब दिवंगत हैं) से एक बार कांग्रेस के तीन समझदार नेता मिले थे, जिन्होंने उनसे गांधी परिवार के खिलाफ अभियान नहीं चलाने के लिए एनडीए के राजनीतिक नेतृत्व को मनाने का अनुरोध किया था।

राजनीतिक नेतृत्व ने इस शर्त पर कुछ इच्छा दिखाई कि नेशनल हेराल्ड/यंग इंडिया द्वारा सूचीबद्ध संपत्तियों को सरकार को वापस कर दिया जाए, तो किसी प्रकार का राजनीतिक समझौता हो सकता था। जब कांग्रेस के उन नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के सामने यह मुद्दा रखा, तो उन्होंने कहा कि पार्टी सार्वजनिक रूप से अपनी 'गलती' स्वीकार करने के बजाय जेल जाना पसंद करेगी। इस पृष्ठभूमि के विपरीत एक बड़ा टकराव जारी है और यह मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनावों तक सुर्खियों में रह सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

बन्द ऑफिस में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने मय माल एवँ अबैध तमंचे सहित किया गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशानुसार श्री संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में श्री अखण्ड प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निर्देशन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध रोकथाम, चोरी की विभिन्न घटनाओं की रोकथाम एवं वांछितों के विरूद्ध तहत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई । 21 जून को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साउथ सिटी निवासी अभिषेक गुप्ता जिला विघालय प्रशासक भारती फाउन्डेशन के बन्द कार्यालय से 02 लैपटॉप चोरी करने वाले चोर को मुखबिर की सूचना पर 23 जून की शाम समय करीब साढ़े पांच बजे थाना क्षेत्र के गाँव मौजमपुर निवासी सचिन को कोतवाली पुलिस की टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह एवँ उप निरीक्षक संतोष कुमार हेडकांस्टेबल बलविंदर सिंह एवँ आरक्षी रोहित कुमार ने क्षेत्र में

पड़ने वाले चादांपुर मोड़ से कुछ दूर खड़े सचिन को पकड़ लिया । तथा तलाशी लेने पर सचिन के पास से चोरी के 02 लैपटाप लैनेवो कम्पनी एवँ एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस सहित गिरफ्तार किया । जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

बैक्सीनेशन लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले चिकित्सा प्रभारियों का वेतन रोकने का दिया गया निर्देश

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहांपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने 21जून 2022 को नियमित टीकाकरण एवं कोविड–19 वैक्सीनेशन की समीक्षा की जिसमें निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अत्यधिक कम लक्ष्य की प्राप्ति होने के कारण जनपद की स्थिति अत्यन्त असंतोषजनक पायी गयी है । जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान , प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुदागंज / कटरा तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ददरौल के प्रभारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। तथा कहा कि

जनपद में शत – प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति कराते हुए एक सप्ताह में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

नाली पटरी से अतिक्रमण हटाए अन्यथा होगी कार्यवाही

आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा)।नगर क्षेत्र में नाली,पटरी व सड़क तक अतिक्रमण कर दुकानें कत्तई न लगाएं।शासन के मंशानुरूप लोगों के आवागमन बाधित होने पर कार्रवाई की जाएगी।उक्त बात नगर पंचायत सभागार में व्यापारियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक में क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम ने कही।उन्होंने कहा कि अतिक्रमण कर विभिन्न प्रकार की दुकानों के साथ ही मांगलिक व अन्य कार्यक्रम सड़क पर नहीं होगा।दुकानदार नाली,पटरी तथा सड़क को खाली रखें,जिससे लोगों के आवागमन में बाधा न उत्पन्न हो।सरकार अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का फरमान पूर्व में ही जारी कर चुकी है।जिसका पालन सभी को करना चाहिये।ऐसा न होने पर प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी।क्षेत्राधिकारी सदर श्री गौतम ने सोशलमीडिया के माध्यम से भ्रामक व भड़काऊ मेसेज को सही न मानकर पुलिस को सूचित कर सत्यता की पुष्टि जरूर

करें।किसी भी धर्म समुदाय के भिक्षा मांगने वाले लोगों से दुर्व्यवहार न करें।लोगों की छोटी सी गलती समाज को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।उन्होंने ने तीन दिवस के भीतर ठेला व अन्य दुकानदारों से अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की बात कही।ऐसा न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल मोहम्मद,थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी,शम्भू तिवारी,राज किशोर,डॉ हजारी लाल तिवारी ,बाबू लाल राजेश सोनी देवी तिवारी,दिनेश तिवारी,वंशी लाल वर्मा आदि गणमान्य नागरिक व व्यापारी रहे।

कानून व्यवस्था सुदृढ़ एवं अपराध निरोधक कार्यवाही समय–समय पर की जाय–राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उ0प्र0 सरकार सतीश चन्द्र शर्मा ने जनपद सुलतानपुर का 02 दिवसीय भ्रमण कर गुरूवार को प्रथम दिवस में स्थानीय लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस पहुँचकर गार्ड ऑफ ऑनर लिया तत्पश्चात भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कलेक्ट्रेट में स्थित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण कर जिलाधिकारी से जायजा लेने के पश्चात संतोष व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक कर जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों, अपराध एवं कानून व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से गहन जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जन शिकायतों का निस्तारण समय से किये जाने के साथ–साथ जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने हेतु विशेष बल दिया तथा कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने एवं अपराध निरोधक कार्यवाही समय–समय पर की जाय। मा0 राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने समीक्षा बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि रोजगार के अवसर बढ़ाये जाय, जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किये जाय। उन्होंने हर–घर जल योजना/जल जीवन मिशन, पाइप्ड पेयजल योजना, अमृत योजना–जिलापूर्ति, नहरो में टेल तक पानी पहुँचना, निराश्रित गोवंशों का संरक्षण व टीकाकरण, मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, गो–वंशीय एवं महिष–वंशीय पशुओं की ईयर टैगिंग, खाद्य एवं विपणन, कृषि, शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर बनने की स्थिति, उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण, गोल्डन कार्ड, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर,

टीकाकरण प्रगति, चिकित्सालय में चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरीध्ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्राम पंचायत सचिवालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, वृक्षारोपण अभियान, स्कूल चलो अभियान, आपरेशन कायाकल्प योजना की प्रगति, आईजीआरएस एवं अन्य मामलों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के साथ–साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा कर निरोधात्मक कार्यवाही, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पास्को एक्ट, गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, यातायात प्रबन्धन हेतु विशेष प्रयास, पैदल गश्त अभियान आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाएं/विकास कार्य तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी राज्यमंत्री को दी। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने विभाग की अयोजनाओं/ विकास कार्यों पर राज्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों द्वारा अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्यमंत्री सहित उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने विभाग के कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से राज्यमंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0 आर.ए. वर्मा, विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, डीएफओ आनन्देश्वर प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0बी0 सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एकजुट भारत के बुलंद आवाज थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी :सत्येन्द्र राजपूत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 69 वें बलिदान दिवस पर मोहल्ला अल्हापुर इब्नेजई के बूथ 44 पर हरदोई भाजपा के जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के पहले और बाद के दोनों काल खंडों में पूज्य मुखर्जी जी ने एक क्रांतिकारी की भूमिका का निर्वहन किया है उन्होंने देश की अखंडता के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया उनका मानना था कि कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है और वह द्विराष्ट्र त्रिराष्ट्र की विचारधारा के घोर विरोधी थे कश्मीर प्रकरण के सम्बन्ध में उनका नारा था कि एक देश में दो विधान दो प्रधान नहीं चलेंगे। कहा कि डॉ मुखर्जी राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद्, तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। कहा कि डॉ मुखर्जी एकजुट भारत के बुलंद आवाज थे । उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद तुष्टीकरण की मानसिकता से देश को आजाद कराने के लिए डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने जनसंघ के नाम का जो बीज बोया वह अब भाजपा नाम का वटवृक्ष बन चुका है। और हम उसकी शाखाये हैं। डॉ मुखर्जी भारत की संप्रभुता के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता ना किए जाने के पक्षधर थे। 1951–52 में हुए पहले आम चुनाव के दौरान जम्मू और

कश्मीर को लेकर उनका रुख यही था कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करके राज्य को पूरी तरह से भारत के संविधान के तहत लाया जाए। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और मास्टर तारा सिंह के संघर्ष का ही परिणाम था कि पंजाब और बंगाल का आधा हिस्सा भारत का अभन्नि अंग बना। वस्तुतः डॉ मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए ही अपने प्राणों का उच्चतम बलिदान दिया। कहा कि एक देश,एक विधान ,एक निशान के जिस संकल्प को सामने रखते हुए श्यामा प्रसाद ने अपनी आहुति दे दी । आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे पूर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। और उस संकल्प के पूरा होने की रौनक वहां की जनता के चेहरे में साफ नजर आती है । उन्होंने कहा कि हम वर्षों वर्ष तक जहां बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है और जो कश्मीर हमारा है वह सारे का सारा है का नारा लगाते रहे। आज देश के लाखों लाख लोगों के संकल्प से कश्मीर तो हमारा हो गया। अब सारा कश्मीर अपना बनाने के लिए जो बलिदान चाहिए वह भावना अपने अंदर जीवित रखना है । इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष श्रीकृष्ण राजपूत,, करुणेश,आजाद, धीरेन्द्र सिंह,,सौरभ,विजय प्रताप,अमरजीत सिंह,अंकित गुप्ता, कुलदीप श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक रोटी कम खाएं पर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दिलाएं : अरीबा नोमान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले के कुड़वार ब्लाक क्षेत्र में गजेंहड़ी स्थिति दानिश अल्पसंख्यक शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान प्रांगण में यूपी बोर्ड व बीएड बीटीसी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर आईएएस परीक्षा यूपीएससी में टापर रहे मोहम्मद शाकिब आलम व आनर गेस्ट के तौर पर अरीबा नोमान रही जो कि दोनों यूपीएससी परीक्षा 2022 में आईएएस क्वालीफाई किया। इन्होंने कहां की गार्जियंस एक रोटी कम खाएं पर बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। यूपीएससी टापर मोहम्मद शाकिब आलम व अरीबा नोमान को अपने बीच पाकर छात्र छात्राओं का खुशी का ठिकाना ना रहा। दानिश एजुकेशनल ग्रुप के चेयर पर्सन इंजीनियर मिर्जा इशराक बेग ने सभी मेहमानों को बुकें भेंट कर स्वागत किया। यूपी बोर्ड की परीक्षा में पास मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हाईस्कूल के दर्जनों और बीएड बीटीसी दो दर्जन छात्र–छात्राओं को प्रथम स्थान पाने पर मोहम्मद शाकिब आलम व अरीबा नोमान ने संयुक्त रूप से सील्ड व बुकें भेंटकर सम्मानित किया। मोहम्मद शाकिब आलम ने अपने सम्बोधन में कहा कि वह सबसे पहले अपने वालदैयन (मां बाप) के हुक्म के मुताबिक पायदारी से खिदमतगार बनें और अदाब लिहाज के पैरोकार बने फिर किसी मकसद मे कामयाब होने की तमन्ना रखें और तमन्ना वह भी बड़ी हो कड़ी मेहनत करके भविष्य को उज्जवल बनाएं। और अपने आपको कभी धोखे में ना रखें मेहनतकश और सही दिशा में मेहनत की गई कभी रायगा नही जाती सिविल सर्विसेज में कड़ी मेहनत की जरूरत है कोई इम्तहान पास किया जा सकता है बस सही समय और लाईन की जरूरत है उन्होंने छात्र–छात्राओं को

आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि भविष्य में उन्हें शिक्षा के सम्बन्ध में कोई कठिनाई आती है तो बे–झिझक बताएं उनकी मदद की जायेगी। अरीबा नोमान ने कहा कि मेहनत से बढ़कर सफलता का कोई सूत्र नहीं है। दृढ़ इच्छा शक्ति एवं कड़ी मेहनत से ही मुकाम हासिल होता है। ज्ञान वान होने के साथ संस्कार वान होना भी आवश्यक है। आत्मविश्वास ही इंसान की वह शक्ति है जिससे हर असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है।इसलिए हमेशा लक्ष्य को लेकर सकारात्मक रहें अपनी तैयारी में कोई कमी ना छोड़ें। इसलिए इन बातों को ध्यान में लेकर चलें और अपने अंदर लक्ष्य के प्रति सकारात्मक विचारों को बनाए रखकर तैयारी करें। मिर्जा दानिश वेग ने बताया कि यह कालेज जनपद का पहला अल्पसंख्यक शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है जहां पर बीएड बीटीसी एंव यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त इंगलिश मीडियम मे केजी वन से इंटर मीडियट तक चलता हैं एडमीशन प्रारंभ है किसी भी कार्यदिवस पर अभिभावक आकर बच्चों का एडमीशन करा सकते हैं और बेहतर से बेहतर शिक्षा देने की कोशिश करेंगे यही इसी कालेज से ही आईएएस, डाक्टर इंजीनियर बनकर निकलेंगे। इस मौक मौके पर नोमान शमशाद आलम आरपी सिंह एडवोकेट यम यस फरीदी मिर्जा हयात बेग सैफी सिद्दीकी डा. अदीबा सिद्दीकी आदि आदि छात्र छात्राओं के माता पिता के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

संजय गांधी ने देश को दी युवा राजनीतिक सोच : रणजीत कुमार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 69 वीं व राजनेता संजय गांधी की 42 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पंचायत परिसर स्थित सांसद संवाद केन्द्र पर सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार के संयोजन व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर.ए वर्मा की उपस्थित में भाजपाइयों ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार के संयोजन में सांसद संवाद केन्द्र परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा ने दोनों महापुरुषों की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रखर राष्ट्रभक्त,महान शिक्षाविद् के साथ भारत की राष्ट्रीय एकता अखण्डता का श्रेष्ठ नायक बताया।वही संजय गांधी को एक दृढ़ निश्चयी एवं दूरदर्शी सोच से देश को नई दिशा देने वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि स्व. संजय गांधी वो नेता थे जिसने देश को युवा राजनीतिक सोच दी।दोनों महापुरुषों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा।इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डा.एमपी सिंह,जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, डा. सीताशरण त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, आलोक आर्या, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी,

प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह, शशीकांत पाण्डे, आशीष सिंह रानू,गांधी सिंह, बबिता तिवारी, अरूण द्विवेदी,अखिलेश जायसवाल,उपमा शर्मा, कमला सिंह, भाजपा नेता उत्तम सिंह, श्याम बहादुर पांडे , संदीप मिश्रा, रमेश सिंह टिन्नू, डा.संतोष सिंह, संजय सोमवंशी,अरूण सिंह, एल. के दूबे,अजीत यादव,काली सहाय पाठक,संदीप तिवारी, अजय सिंह लीडर,संदीप पाण्डे,आकाश जायसवाल,राम चरित्र पाण्डे, मनोज श्रीवास्तव, राम अभिलाष सिंह, दिनेश चौरसिया, बृजेश वर्मा, इन्द्रदेव मिश्रा, वीरेन्द्र शर्मा, रामचन्द्र दूबे,नितीश अग्रहरी,पन्ना लाल जायसवाल, समाजसेवी अजय पाण्डे,रमेश तिवारी, विजय सेक्रेटरी, राज कुमार जायसवाल, अरूण त्रिपाठी,रवि श्रीवास्तव, दान बहादुर तिवारी, मोहित साहू, भाजपा नेता अनवर खां, शिवप्रसाद यादव, गणेश राणा सहित पार्टीजनों ने दोनों महापुरुषों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

दो सदस्यीय टीम ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संचालन की सूक्ष्मता से की जांच : जताई संतुष्टि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जांच हेतु नामित दो सदस्यीय टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दो दिवसीय स्थलीय भौतिक सत्यापन कर सम्बन्धित अधिकारियों से साक्षात्कार कर अभिलेखों की सूक्ष्मता से जांच पड़ताल करते हुए संतुष्टि जताई । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को पहुंची डा०वाई रमेश एवं डा० मनीष प्रियदर्शी की दो सदस्यीय टीम ने जांच पड़ताल शुरू की । गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे नेशनल एसेसर डा० वाई रमेश एवं डा० मनीष प्रियदर्शी की दो सदस्यीय टीम ने योजनाओं के संचालन व्यवस्था की बारीकी एवं गहनता से समस्त कार्यों का अवलोकन , साक्षात्कार , एवं अभिलेखो के रखरखाव का बारीकी से जांच पड़ताल करते हुए अपनी संतुष्टि जताई । इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० आर पी सिंह ने एनक्वास टीम के दोनो राष्ट्रीय एसेसर डा० वाई रमेश कर्नाटक एवं डा० मनीष प्रियदर्शी दिल्ली के साथ ही मंडलीय सलाहकार क्यू. ए. डा तनवीर , जिला सलाहकार क्यू. ए. डा क्षितिज पाठक , एम एच कंसल्टेंट श्री नीरज सिंह , जिला महिला अस्पताल प्रबंधक डा० आशीष यादव ,डा० अभिषेक , स्टाफ नर्स भावना वर्मा आदि का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० आर पी सिंह, डा० शाहिद प्रतिरक्षण अधिकारी ध्रुव चंद्र चौधरी , बी पी एम त्रिभुवन राम , बी सी पी एम सन्तोष कुमार यादव , बी ए एम मुकेश मौर्या , बी डी एम संदीप यादव , फार्मासिस्ट आर पी सिंह , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवशंकर सरोज , डा अखिलेश तिवारी , एच एस मनोज सिंह , एल ए मनोज यादव , एम पी डब्ल्यू संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

बड़ौदा यूपी बैंक ने आयोजित किया मेगा क्रेडिट कैम्प : दर्जनों लोग हुए लाभान्वित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा पर गुरुवार को बड़ौदा यूपी बैंक शाखा बक्शा द्वारा मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। महिला समूह की महिलाओं से खचाखच भरें सभागार में दर्जनों लोग लाभान्वित हुए।बैंक के प्रशासनिक प्रमुख एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम के हालदार ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने समूह की महिलाओं से अच्छे नस्ल की गाय भैंस पाल दुग्ध व्यवसाय करने की सलाह दी। उन्होंने कहा फसल उत्पादन कर भी जीविका बेहतरीन ढंग से चलाई जा सकती है। हालदार ने कहा कि रिजर्व बैंक के मानक के अनुरूप ऋण अनुपात 60 प्रतिशत तक किया जाना लक्ष्य है। उन्होंने मौजूद शाखा प्रबंधकों से योजनाओं को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाने तथा भारत सरकार की मंशा के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक प्रमुख ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को शिविर की महत्ता से परिचित भी कराया। क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी। बड़ौदा बैंक की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम तबके तक बैंक की योजनाओं का लाभ मिल सकें यही उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सभी बैंकों के अनुपात में बड़ौदा बैंकों का ऋण जमा अनुपात सवार्धिक 49 प्रतिशत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुमार कनौजिया ने समूह तथा कृषि वैज्ञानिकों की उपयोगिता बताते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जौनपुर के वरिष्ठ प्रबंधक रजनीश कुमार पाण्डेय, बीडीओ बक्शा राजीव गुप्ता, दुर्गा मौर्या, देवराज पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक बक्शा शाखा प्रबंधक रत्नाकर दूबे ने आभार जताते हुए बैंक उपभोक्ताओं से बेहतरीन कार्य करने का भरोसा दिलाया। संचालन जौनपुर बैंक प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव ने किया। अंत में शाखा से ऋण लेने वाले महिला एवं पुरुष लाभार्थियों को चेक व कार की चाभी प्रदान की गई। इस दौरान धर्मराज यादव, डॉ. अनिल कुमार, संजय सिंह, प्रधान द्वारिका मौर्या सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

जल निकासी की नाली पर अतिक्रमण होने पर पहली बरसात मे हुआ जलजमाव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत बरावां बंधवा बाजार की जल निकासी की नाली पर अतिक्रमण होने के कारण पहली बरसात होने के बाद जलजमाव हो गया जिससे ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड रहा है। 6 माह पहले नाराज ग्रामीणो ने इसकी लिखित शिकायत एसडीएम मछलीशहर से किया था लेकिन प्रसासन ने ध्यान नही दिया अब पहली बरसात पर स्थिति नारकीय हो गयी।ग्रामीणो का आरोप था की गाव का एक व्यक्ति द्वारा जल निकासी की नाली पाट कर निर्माण किय गया है। ग्राम पंचायत बरावां बंधवा बाजार की जल निकासी की नाली मुकुन्द सेठ की दुकान के सामने से रामगढ़ गांव की सीमा से होकर नाले की तरह जाती थी तीन फीट चौडी नाली बनी थी जिसे गांव का एक व्यक्ति निर्माण करके नवम्बर माह मे पाट दिया गया जिससे जल निकासी की नाली बंद हो गयी जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीण नाराज हो गये थे ग्राम प्रधान साजिदा के पति छेदी अंसारी के नेतृत्व दर्जन भर ग्रामीण मौके पर पहुच कर विरोध किया था नाराज ग्रामीणे ने इसकी लिखित शिकायत ग्राम प्रधान बरावां साजिदा बेगम पत्नी छेदी अंसारी सहित ग्रामीण सुरेन्द्र गुप्ता प्रेम चंद जायसवाल नाटे सोनी राकेश जायसवाल पिटू सोनी सोनू सोनी कडे शंकर सिह रवि सोनी राजकुमार सोनी ने लिखित शिकायत एसडीएम मछलीशहर से करके आरोप लगाया था की नाली बंद होने से लोगो के घरो से निकलने वाला पानी बाजार मे फैलेगा तथा बरसात के दिनो मे पूरे बाजार मे जलजमाव हो जायेगा। गुरुवार को दोपहर अचानक हुई बरसात के कारण नाली बंद होने पर बंधवा बाजार भटहर मार्ग पर जलजमाव हो गया जिससे अगल बगल के दुकानदारों सहित राहगिरो को दिक्कत का सामना करना पड रहा है।

नंद के घर गोविंद भयो जय कन्हैया लाल की : अधर्मियो का नाश करने के लिए ही लेते है भगवान अवतार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सर्वेमऊ में कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बताते हुए अयोध्या धाम से आए गुरू आचार्य शैलेंद्र शुक्ल जी ने कहा की धरती पर बढ़ते पापो और अधर्मियों के नाश के लिए भगवान अवतार लेते है।उन्होंने कहा की कृष्ण के जन्म लेते ही उनके पिता के सारे बंधन टूट गए जेल के दरवाजे अपने आप खुल गए ।बाहर हो रही तेज बारिश और अंधेरा किसी के विनाश और किसी के उद्धार को प्रदर्शित कर रहा था।जैसे ही वासुदेव कृष्ण को लेकर बाहर निकले लोगो ने ''नंद घर आनंद गोविंद भयो जय कन्हैया लाल की ,हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की '' कहकर कृष्ण के जयकारा लगाने लगे।पूरा पंडाल जयकारे से गुज गया और महिलाएं नृत्य करने लगी।आचार्य ने बताया की उस समय धरती कंस के अत्याचार से त्रस्त थी नर ,जानवर,नारी सभी उसके अत्याचार से परेशान थे इसलिए कृष्ण ने अवतार लिया ।और उस समय धरती के प्राणियों की रक्षा की ।भगवान हमेशा किसी न किसी रूप में आते रहेंगे और अधर्मियों का नाश करते रहेंगे।भारत भूमि सदैव से देवताओं की भूमि रही है।उन्होंने अंत में कहा की सिर्फ श्री मद भागवत कथा श्रवण मात्र से ही आपको उतना पुण्य प्राप्त होता है जितना दर्शन से।मुख्य यजमान हरिप्रसाद तिवारी और शोभा तिवारी ने अन्त में आरती किया और सभी भक्त गणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने एनआईसी बिल्डिंग में डीएम एडीएम प्रशासन सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट को शिफ्ट करने के लिए किया निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : 117 साल पुराने कलेक्ट्रेट भवन को बहुमंजिला बनाने के लिए पुराने भवन को तोड़ने का कार्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा किया जा रहा आम जनमानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नया कलेक्टेड पर्यटक बिल्डिंग लेबर भवन के सामने शिफ्ट कर दिया गया जहां आम जनमानस को अपनी समस्याओं को निराकरण करने हेतु नए कलेक्टेड भवन पर्यटन बिल्डिंग आना जाना पड़ता है और अधिवक्तागण को पुराने कलेक्ट्रेट सदर तहसील और नए कलेक्टेड पर्यटन बिल्डिंग आने जाने में समय बर्बाद करना पड़ रहा है और आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण भी समय से नहीं हो पा रहा था जिसको ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने सुधि लेते हुए कहा कि आम जनमानस की समस्याओं का निराकरण पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में करना बेहतर होगा जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता के साथ पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी बिल्डिंग में एसीएम न्यायालय व चकबंदी लेखपाल व कानूनगो बैठक रूम तथा चकबंदी न्यायालय का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये जिससे जिलाधिकारी एडीएम प्रशासन एडीएम सिटी सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालयों को पुराने कलेक्टेड में शिफ्ट कर आम जनमानस के समस्याओं का निराकरण किया जाए और आम जनमानस को पुराने कलेक्टेड से न्यू कलेक्टेड पर्यटन बिल्डिंग तक भागदौड़ ना करना पड़े और उनके समस्याओं का निराकरण पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में ही हो सके और अधिवक्तागण आमजनमानस के मुकदमों की पैरवी डीएम व एडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट के कोटो में सुगमता से कर सकें जिससे आम जनमानस के समस्याओं का निराकरण न्यायालयों में समय बद्ध तरीके से हो सके जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश का एक ही उद्देश्य है कि आम जनमानस के समस्याओं का समाधान त्वरित निस्तारण एक ही परिसर में किया जा सके और आमजनता को इधर–उधर भटकना ना पड़े। पुरानी बिल्डिंग में डीएम एडीएम प्रकाशन एडीएम सिटी सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट शिफ्ट हो जाने से अधिवक्तागण व आम जनमानस को इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा और समय की बर्बादी नहीं होगी।

गोवध का आरोपी अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वृहस्पतिवार को खेतासराय पुलिस ने गोवध के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को एक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की भोर में गश्त के दौरान गोवध में वांछित चल रहे आरोपी मो0 दिलशाद निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय को एक अदद नाजायज तमंचा मय कारतूस के साथ क्षेत्र के गोरारी बाजार (रानी मऊ मोड़) के पास से भोर करीब 4:10 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व तमंचा बरामदगी के आधार पर। आरोपी के खिलाफ धारा–3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में मुख्य रूप से यजुवेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष,उपीनिरिक्षक हरिशंकर यादव, हेडकानिस्टेबल रंजन कुमार, हेडकानिस्टेबल अनन्त यादव ,हेडकानिस्टेबल मंहगू यादव शामिल रहे।

स्कार्पियो ने बृद्धा को कुचला मौके पर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के रतनूपुर बाजार में स्कार्पियो से दबकर एक वृद्धा की मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची चंदवक पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर गाड़ी को सीज कर दिया। मालूम हो कि आज गुरूवार की सुबह साढ़े सात बजे रतनुपुर बाजार में महुली निवासी 68 वर्षीया रजदेइ देवीं पत्नी स्व राजदेव यादव अपने मकान दुकान के सामने खड़ी स्कार्पियो के आगे झाड़ू लगा रही थी।चालक बगल की दुकान में कुछ पेपर का जिरॉक्स कराकर आया और ड्राइविंग सीट पर बैठ गया।चालक को दिखाई नही दिया कि आगे कोई है उसने गाड़ी आगे बढ़ा दी।जब तक आस पास के लोग शोर मचाकर वाहन रोकवाते दोनों पहिया रजदेई के ऊपर से गुजर चुका था।चालक ने भीड़ के शोर को सुनकर गाड़ी तो रोककर सरेंडर कर दिया पर रजदेई देवी मौके पर दम तोड़ चुकी थी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष रमेश कुमार तत्काल मौके पर पहुचे और समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस स्कार्पियो सहित चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गयी।मृतका विधवा थी और उसके रामसहरे यादव और रामसेवक दो बेटे है जो छोटा मोटा कारोबार कर अपनी जीविका चलाते है।हादसे में अचानक हुई मौत से परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

गलाघोटू और ब्रूसेला का लगा टीका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गाय–भैंस व अन्य पालतू पशुओं को गलाघोटू और ब्रूसेला रोग से बचाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा टीकाकरण कराया जा रहा है। ब्लाक के चार पशु चिकित्सालयों में तैनात चिकित्सा कर्मियों द्वारा गलाघोटु के 6200 और ब्रूसेला के 4500 टीके पशुओ को लगाए गए है। मछलीशहर पशु चिकित्सालय के अलावा जमालपुर ,बरईपार ,मीरगंज पशु चिकित्सालय के डाक्टरों के द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।उक्त द्वारा बरसात में होने वाले गलाघोटु रोग तथा समय से पहले होने वाले गर्भपात को रोकने के लिए (ब्रूसेला) रोग के बचाव हेतु.टीकाकरण किया जा रहा है। जमालपुर में तैनात चिकित्साकर्मी शरद चन्द्र मिश्र व प्रियांशु सिंह ने जमालपुर गांव की धोवी बस्ती व यादव बस्ती मे गुरुवार को घर–घर जाकर गाय, भैस व अन्य पालतू पशुओ को गलाघोटू रोग से बचाव के टीके लगाए। उक्त ने बताया कि हम लोगो द्वारा अपने आसपास के गांव मे नियमित रूप से टीका लगाने का कार्य किया जा रहा है।अब तक पूरे ब्लाक क्षेत्र के गावों में गलाघोटु के 6200 पशुओं को तथा ब्रूसेला रोग से बचाव के लिए 4500 पशूओ को टीका लगाया जा चुका है।

स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया का अंग है – सुरेंद्र पटेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज प्राथमिक विद्यालय चतुर्भुजपुर के प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह पटेल एवम नवागत खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर निवर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी पटेल जी ने कहा कि स्थानांतरण एक प्रशासनिक प्रक्रिया है और हम सब इससे आबद्ध है,परन्तु भावनात्मक रूप से व्यक्ति सदैव जुड़ा रहता है चाहे वो कही भी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने कहा कि एक शिक्षा अधिकारी जहाँ भी रहता है उसका प्रयास यही रहता है कि शिक्षण की उत्पादकता बनी रहे, कार्यक्रम का संचालन जनपदीय संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ने किया ,इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल,ब्लाक अध्यक्ष संतोष सिंह, अरुण यादव,राम सिंह ,विनोद सिंह,विशाल सिंह,सोमेंद्र त्रिपाठी,लाल बहादुर यादव,ए आर पी शिरीष दुबे उपस्थित रहे, अंत मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

औद्योगिक क्षेत्र की सड़क का अस्तित्व समाप्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ताखा पूरब गांव स्थित औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य सड़क का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। बड़े और भारी वाहनों को छोड़ इस मार्ग पर दो पहिया वाहन से चलना जान जोखिम में डालने के समान है। पांच वर्ष से इस सड़क का कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्ष 2004 में समाजवादी पार्टी की सरकार में यहां औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया गया। चिरैया मोड़ से कटार आजमगढ़ तक तीन किलोमीटर सड़क की चौड़ाई तीन मीटर से अधिक नहीं बढ़ सकी। सात साल पहले सड़क बनी लेकिन भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन और सड़क निर्माण में गुणवत्ता न होने के कारण चंद महीनों में ही पूरी सड़क क्षतिग्रस्त होकर बिखर गई। क्षेत्र में फ्लोर मिल, सरिया मिल, पाइप, बोरी, एल्युमीनियम के दर्जनभर कल कारखाने समेत इंग्लिश मीडियम स्कूल भी संचालित है। सड़क विहीन औद्योगिक क्षेत्र में सरकार की सड़क गड्ढा मुक्त योजना भी नहीं पहुंच सकी। विगत पांच वर्षों से इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की निगाह तक नहीं पहुंची। भारी भरकम राजस्व देने के बाद भी यहां के उद्यमी अपने कारखानों तक आने के लिए काफी विचार करते हैं। क्योंकि यहां आने पर उनकी कर के चैम्बर टकराते और वाहन खराब होते हैं। भारी मालवाहक आए दिन खराब होने से लोगों के व्यापार पर भी गहरा असर पड़ता है।

मड़ियाहूँ को प्रेरक ब्लाक बनाने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे – डॉ अविनाश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूं विकास खंड के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी डॉ व अविनाश कुमार सिंह का स्वागत बी आर सी सभागार में प्राथमिक शिक्षक संघ मड़ियाहूं के अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह के नेतृत्व में किया गया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ मड़ियाहूं के अध्यक्ष विनोद सिंह ने भी बुके देकर खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वागत के पश्चात सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शासन द्वारा दिये गए आदेश, निर्देश का क्रियान्वयन करने एवं निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास हम अपने सभी शिक्षक साथियों के साथ मिलकर पूरे मनोयोग से करेगे जिससे मड़ियाहूं विकास खंड जनपद में शीर्ष स्थान पर बना रहे। तथा शासन की मंशानुसार मड़ियाहूँ ब्लाक को प्रेरक ब्लाक बनाने मे कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि हमारे नवागत खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मड़ियाहूं विकास खंड नया आयाम स्थापित करेगा और खंड शिक्षा अधिकारी के हर तर्कसंगत आदेश के पालन हेतु प्राथमिक शिक्षक संघ पूर्ण सहयोग

करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन मंत्री मड़ियाहूं प्रदीप सूर्या ने किया। इस अवसर पर मंत्री देवेंद्र श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत सिंह ,शशांक मिश्र, संयुक्त मंत्री अमित अस्थाना, कोषाध्यक्ष श्रीमती मीरा रजक, उपाध्यक्ष डॉ भूपेंद्र सिंह, नितीन यादव, नवीन सिंह, अमित मिश्रा, संगठन मंत्री विजय शंकर, धर्मपाल सिंह, राजकुमार सिंह राजन सिंह, विजय बहादुर पटेल,श्रीमती मालती, रंजीता त्रिपाठी, अजय कुमार सिंह,अंकित जायसवाल, देवेश कुमार,रमेश तिवारी,मनोज पाठक, अभिषेक पाण्डेय,आशीष मौर्य आदि मौजूद रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को किया गया याद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनसंघ के संस्थापक, शिक्षाविद एवं राजनीतिक चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आज बलिदान दिवस के रूप में मनाई जा रही है। जनपद जौनपुर भाजपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये डॉ मुखर्जी के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया गया। कहीं संगोष्ठी, तो कहीं पौधरोपण व स्वछता अभियान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। पार्टी कार्यक्रम के अनुसार सभी बूथ इकाइयों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तो वहीं कहीं पर उनकी स्मृति में व्याख्यान कार्यक्रम चल रहे हैं तो कहीं पर पौधरोपण और स्वच्छता अभियान चलाये गए हैं। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष सहित मण्डल पदाधिकारी ने बृक्षारोपण किये, डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सभी बूथों पर 10 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह से कई जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जहां पार्टी कार्यकर्ता श्रमदान कर रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजपा आज 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर 6 जुलाई को उनके जन्मदिवस तक की अवधि में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि पर जिला कार्यालय पर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, भाजपा के जिला पदाधिकारियों के अलावा नेता–कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला कार्यालय पर भाजपा जौनपुर ने शाम को संगोष्ठी का आयोजन किया भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय के नेतृत्व में आज शाम को नव निर्मित कार्यालय पर शाम 4 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक संगोष्ठी आयोजित की। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने आयोजित संगोष्ठी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके राजनीति जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य भारत माता को परमवैभव के शिखर पर लेकर जाना है उन्होंने बताया कि डॉ मुखर्जी एक प्रतिष्ठित परिवार से तालुक रखते थे वो पढ़ने में भी मेघावी थे तथा बैरिस्टर की उपाधि ली थी एवं कम उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने और अंग्रेजो की गुलामी हुकूमत के बाद भी महाविद्यालय में बंगाल के मातृभाषा में दीक्षांत समारोह करा दिया, देश के विभाजन को रोकने के लिए समर्पित रहे और भारत के हिस्से को पाकिस्तान में शामिल नहीं होने दिया। उन्होंने आगे कहा

कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अस्मिता व अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने भारत का पुनः विभाजन होने से बचाया। उनका त्याग, समर्पण और उनके आदर्श युग–युगांतर तक आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा। जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने डा. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर अखंड भारत के लिए उनके योगदान व बलिदान को याद किया और उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को एक सूत्र में बांधने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कश्मीर को भारत से अलग करने का विरोध किया था। 1953 में मुखर्जी को गैरकानूनी तौर से कश्मीर में घुसने के प्रयास के कारण 11 मई को गिरफ्तार किया गया और 23 जून 1953 को उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जम्मू कश्मीर में मुखर्जी ने धारा 370 का प्रखर विरोध कर आंदोलन चलाया। भाजपा के नायकों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम सबसे ऊपर है। अध्यक्षता करते हुये जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपध्याय ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान दो निशान दो प्रधान नहीं चलेगा ऐसे सोच व विचारधारा रखने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी थे राष्ट्रीय एकता व विचारधारा की राजनीति किए व आज उनके बलिदान दिवस पर हम सब को प्रेरणा लेते हुए पौधारोपण का पुनीत कार्य किये। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए कार्यों के सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आगामी कार्यक्रम करने हेतु सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने किया। उक्त अवसर पर उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ओम प्रकाश निषाद, जिला मंत्री रविंद्र सिंह राजू दादा, प्रमोद यादव, ओमप्रकाश सिंह, प्रदीप जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह फंटू, संजय सिंह, सुनील यादव, डीसीएफ चेयरमैन धनंजय सिंह, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, रोहन सिंह, विनीत शुक्ला, अनिल गुप्ता, नरेंद्र उपाध्याय, मेंराज हैदर, श्री कृष्ण पाण्डेय, प्रमोद प्रजापति, मण्डल अध्यक्ष गण लवकुश सिंह, अमित श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, अजय मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विक्रम सिंह सनी, बलवीर गौड़, दिलीप शर्मा, बंश बहादुर पाल, जितेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, सिद्दार्थ सिंह, आशीष जायसवाल, अजय सिंह, केशव तिवारी, रजनीश सिंह, विनोद सिंह, निखिल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

रचनात्मक कार्यों में रहेगा पूरा सहयोग –अरविंद शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवागत खंड शिक्षाधिकारी अरविंद यादव ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया है कि टीम वर्क के जरिए परस्पर सहयोग से हम लोग लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सहयोग की कार्यसंस्कृति ही सफलता दिला सकेगी। वे गुरुवार को बीआरसी के सभागार में शिक्षकों संग परिचयात्मक बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने विभागीय दिशा निर्देशों को पूरा करने में शिक्षकों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हुए निपुण भारत अभियान व आधार सत्यापन कार्य में जुट जाने को कहा। इसके पहले प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि है सभी लोग एक टीम की

तरह कार्य करेंगे और समस्याओं को मिल बैठकर सुलझा लिया जाएगा । विभाग के दिशा निर्देशों व अन्य रचनात्मक कार्यों में संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों का पूरा सहयोग रहेगा। एआरपी संघ के जिलाध्यक्ष अशोक राजभर ने कहा कि किसी कार्य में ज्ञान व क्रिया के बीच बेहतर समन्वय अति आवश्यक है। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बबोधन में जयशंकर प्रसाद की रचना कामायनी की कुछ पंक्तियों का भी हवाला दिया। कुशल संचालन करते हुए एसआरजी डाक्टर अखिलेश सिंह ने शैक्षिक नवाचारों पर बल देते हुए हर संभव सहयोग की बात कही। नवागत खंड शिक्षाधिकारी का एआरपी पंकज यादव, दरोगा सिंह, सुनील सिंह, संघ की जिला उपाध्यक्ष उषा सिंह, ब्लाक अध्यक्ष संजीव सिंह, छाया सिंह, राकेश पांडेय, धीरेंद्र सिंह, साजेश सिंह, निशा सिंह, सीमा सिंह, घनश्याम मौर्य, ओमप्रकाश, उदय सिंह आदि ने स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन एआरपी संजय सिंह ने किया।

बैनामे के नाम पर 12 लाख की धोखाधड़ी में फर्जी जमीन मालिक गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र में एक जमीन के बैनामे के एवज में धोखाधड़ी कर 12 लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने फर्जी जमीन मालिक को गिरफ्तार किया है। लगभग दो माह पुराने इस मामले में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक देहात अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के भीखनपुर गांव निवासी महिला नीलू पत्नी सतीश कुमार ने रौनाही थाने में 7 लोगों को नामजद करते हुए जमीन के नाम पर धोखाधड़ी कर 12 लाख रुपए हड़प लेने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले की विवेचना में जुटी पुलिस ने आज मासूमगंज चौराहे के पास से 35 वर्षीय हंसराज उर्फ डब्लू निवासी कादीपुर मलिकपुर थाना पूराकलंदर को गिरफ्तार किया है। विवेचना में यह बात प्रकाश में आई थी कि इसी ने दीनानाथ पुत्र रामलोचन बनकर महिला और उसके परिवार को झांसा दिया तथा फर्जी पहचान पत्र और कागजात के आधार पर जमीन का बैनामा कर रकम हड़प लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का दर्ज मुकदमे में चालान किया है। कैंट थाना क्षेत्र के भीखनपुर की रहने वाली नीलू पत्नी सतीश कुमार ने राजा नामक शख्स के मदद से दीनानाथ पुत्र रामलोचन निवासी बल्लीपुर थाना पूरा कलंदर के नाम दर्ज एक जमीन का सौदा 12 लाख रुपए में किया था। कैंट थाना क्षेत्र के ताजपुर कोड़रा निवासी राजा ने पुलिस की गिरफ्त में आये हंसराज निवासी को कादीपुर मलिकपुर थाना पूराकलंदर को जमीन मालिक दीनानाथ के रूप में क्रेता के सामने प्रस्तुत किया था तथा विश्वास दिलाने के लिए हंसराज के फोटो युक्त दीनानाथ के नाम से आधार कार्ड और बैंक पासबुक भी दिखाई थी। तहसील से जमीन की तहकीकात कराने के बाद क्रेता ने 30 मई को उप निबंधक कार्यालय सोहावल में उक्त जमीन का 12 लाख रुपए में लिखा पढ़ी कराई थी हालांकि बाद में पता चला कि जमीन का असली मालिक तो कोई और है। किसी ने फर्जी दीनानाथ बनकर जमीन का बैनामा कर दिया है। इसके बाद पीड़िता ने 10 जून को कथित दीनानाथ पुत्र रामलोचन निवासी बल्लीपुर पूराकलंदर,संजीव कुमार उर्फ संदीप निवासी बल्लीपुर पूराकलंदर, राजा निवासी ताजपुर कोड़रा थाना कैंट, जीत उर्फ जीतू निवासी हाजीपुर सिंहपुर थाना कैंट, आकाश निवासी मुमताज नगर थाना कैंट, अंकित तिवारी निवासी मुमताज नगर थाना कैंट और बाइनमें में गवाह लकी वर्मा निवासी गोपालपुर थाना कैंट के खिलाफ रौनाही पुलिस को तहरीर दी थी। रौनाही पुलिस ने 16 जून को इन सभी 7 लोगों को नामजद करते हुए धोखाधड़ी, कूट रचना और धमकी की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया था।

क्षेत्र पंचायत की बैठक का भत्ता न मिलने से बीडीसी सदस्यों में नाराजगी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) क्षेत्र पंचायत की बैठक के भत्ते का भुगतान न होने से क्षेत्र पंचायत सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है। प्रधान क्षेत्र पंचायत संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे ने मुख्य विकास अधिकारी और खंड का अधिकारी डॉक्टर सुभाष चंद्र वर्मा को शिकायत मांग पत्र देकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों का बैठक भत्ता दिलाए जाने की मांग की है। और कहा है कि बैठक भत्ता ना मिलने पर 5 जुलाई से विकासखंड परिसर में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जाएगा। मांग पत्र में बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद 1 वर्ष पूर्व विकास खंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई थी। और दूसरी बैठक 9 मई को आयोजित हुई थी। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भत्ता ना मिलने का मामला उठाया गया था। जिस पर 7 दिनों के भीतर भत्ता दिलाने का आश्वासन दिया गया था। किंतु बैठक भत्ता अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। विकासखंड पर तैनात प्रधान लिपिक द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया कि 22 जून तक क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधानों का भत्ता उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगा। लेकिन कोई पहल नहीं हुई। समस्या का समाधान ना होने पर और बैठक भत्ता ना दिलाए जाने पर 5 जुलाई 2022 को विकासखंड परिसर में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जाएगा। जिसमें ब्लॉक जिला स्तर के पदाधिकारियों के अलावा संगठन से जुड़े प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भी हिस्सा लेंगे। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला अध्यक्ष मिशन यादव, बृजेश बैचलर सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बैठक भत्ता दिलाए जाने की मांग की है।

यूपी में 6 जुलाई के बाद झमाझम बारिश के आसार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी में बादल–बदली और बूंदाबांदी की वजह से तपिश भरी गर्मी से थोड़ी राहत है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक जेपी गुप्ता का कहना है कि अभी कम से कम 6 दिन तो मानसूनी बारिश के आसार नहीं है। जबकि मौसम के जानकारों का कहना है कि राजधानी सहित उत्तर प्रदेश में 29 या 30 जून तक बारिश के आसार हैं। पहली जुलाई से 6 जुलाई तक पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक गुरुवार को राजधानी में बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। इसी बीच तेज धूप भी निकलेगी। प्रदेश के 12 जिलों में गुरुवार को मामूली बारिश का अलर्ट जारी किया गया हैं। बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर और कौशाम्बी जिले होंगे। इन 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। मामूली बारिश से उमस बढ़ी लखनऊ में दिन का तापमान 40 डिग्री व रात का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। प्रदेश के कुछ पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। बाकी जगह मौसम सूखा रहेगा। बुधवार को लखनऊ में कुछ स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी हुई और बादलों की आवाजाही लगी रही। बीच–बीच में तेज धूप भी निकली।

ग्रामसभा रामदत्तपुर अटरावां में सरकारी ट्यूबवेल मुहैया कराने का रखा गया प्रस्ताव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) दर्शन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा रामदत्तपुर अटरावां के युवा समाजसेवी रामानन्द चौहान ने ग्राम सभा रामदत्तपुर अटरावां में सरकारी ट्यूबवेल लगवाए जाने के विषय में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह 'रोहित' जी के समक्ष सरकारी ट्यूबवेल मुहैया कराए जाने का प्रस्ताव रखा है। बदलते समय व दिन–प्रतिदिन लगातार बढ़ते तापमान की वजह से यहां के तालाब, पोखर अक्सर सूख जाया करते हैं। जिससे यहां के पालतू जानवर, पशु–पक्षी व अन्य सभी वन्य जीवों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है। जिस वजह से अक्सर गर्मी के दिनों में ये सभी जीव–जन्तु पानी पीने की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं और कुछ जंगली जानवर तथा पशु–पक्षी प्यासे ही मर भी जाते हैं। गर्मी के दिनों में अत्यधिक तापमान बढ़ जाने के कारण भूमिगत जलस्तर घट जाता है। जिसकी वजह से यहां के गरीब मजदूर व किसान अपनी फसलों की सिंचाई उचित समय पर नहीं कर पाते हैं और उनकी फसल उत्पाद स्तर और घट जाता है। ऐसी स्थिति में गरीब किसान धीरे– धीरे और अधिक गरीबी व आर्थिक तंगी की ओर उन्मुख होते जा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को देखते हुए इनसे निजात पाने तथा वन्य जीवों के संरक्षण के हित में यह प्रस्ताव दर्शन नगर के युवा समाजसेवी रामानन्द चौहान द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह 'रोहित' जी से शीघ्र ही रामदत्तपुर अटरावां में सरकारी ट्यूबवेल की व्यवस्था मुहैया करवाए जाने का प्रस्ताव रखा है। जिस पर आलोक सिंह 'रोहित'जी द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए अतिशीघ्र ही व्यवस्था मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया।

दर्जन भर दुकानदारों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज : दुकान के सामने अतिक्रमण और सड़क क्षतिग्रस्त करने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर करीब एक दर्जन दुकानदारों के विरुद्ध धारा 383, 431 एवं प्रिवेंशन आफ डैमेज पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की चपेट में आने वालों में बीकापुर कस्बे के कई प्रतिष्ठित दुकानदार हैं। जिसमें कालीचरन मिष्ठान भंडार बीकापुर के संचालक विपिन पाल, कृष फास्ट फूड बीकापुर के संचालक सूबेदार निवासी तेंदुआ माफी नगर पंचायत बीकापुर, स्वाद रेस्टोरेंट एंड बेकर्स बीकापुर के संचालक प्रमोद कुमार, शिवम स्वीट एंड रेस्टोरेंट खजुरहट के संचालक शिवम मोदनवाल, सहित अन्य दुकानदार शामिल है। आरोप है कि उक्त दुकानदारों द्वारा जानबूझकर सड़क के किनारे तक अतिक्रमण किया गया है। और तमाम गाड़ियां खड़ी कराया जाता है। सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। तथा दुर्घटना की भी प्रबल संभावना बनी हुई है। बार बार–बार चेतावनी देने और मना करने के बावजूद भी मान नहीं रहे हैं।

युवक ने पत्नी और बच्चों को जिंदा जलाया : पत्नी की मौत

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला समाने आया है। यहां कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव फर्द मुंडेरा में बृहस्पतिवार की रात युवक ने पत्नी और दो बच्चों पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया। घटना में महिला की मौत हो गई। बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। फर्द मुंडेरा गांव का रामसमुझ मजदूरी करता है। वह अपने परिवार के साथ एक कमरे के मकान में रहता है। तीन दिन पहले रामसमुझ की पत्नी सुभावती देवी (32) से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर रामसमुझ ने पत्नी से मारपीट की और कहीं चला गया। बृहस्पतिवार की रात करीब 12:00 बजे हो कहीं से लौटा अपने साथ में गैलन में पेट्रोल लेकर आया। कमरे में सो रही पत्नी सुभावती देवी, दोनों बच्चों बड़ी बेटी मुस्कान (10) और बेटा करण (4) पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और कहीं भाग गया। चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। किसी तरह से आग बुझाई गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस पहुंची। महिला और उसके बच्चों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

आज भी जिले के लोग याद करते हैं पूर्व महिला एसओ व जिला महिला डेस्क प्रभारी बाराबंकी निरीक्षक कुमारी रत्ना को

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद में जनवरी माह से पहले महिला थाना प्रभारी रह चुकी व वर्तमान समय में अयोध्या रेंज अयोध्या के बाराबंकी जिले में जिला महिला डेस्क प्रभारी के पद पर तैनात निरीक्षक कुमारी रत्ना जहां एक ओर अपने कुशल अनुभव व निर्भीकता के साथ साथ स्वच्छ छवि के चलते अपने महकमे के उच्चाधिकारियों के अलावा जनता में अपनी अलग ही अच्छी छाप छोड़ी चुकी है।जिसके चलते आज भी यहाँ की जनता खासकर महिलाए व स्कूली बच्चिया उन्हें उनके किये गये अच्छे कार्य के चलते याद करती हैं। वर्तमान समय में इनका तबादला अयोध्या रेंज अयोध्या के बाराबंकी जनपद में हो गया है वहां पर निरीक्षक कुमारी रत्ना इस समय जिला नोडल अधिकारी महिला डेस्क प्रभारी के रूप में संभाली हैं। अयोध्या जनपद में इनकी स्वच्छ छवि व कुशल अनुभवी होने के चलते अयोध्या के लोग जिसमें खासकर महिलाएं वह लड़कियों के साथ–साथ छात्र छात्राएं आज भी अयोध्या जनपद में किए गए इनके द्वारा सराहनीय कार्य को नहीं भूल रही है।अयोध्या जनपद में महिला थाना प्रभारी के पद पर तैनात रही निरीक्षक कुमारी रत्ना जिले में मिशन शक्ति अभियान के साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अपने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर बीच–बीच में लाने का काम कर रही थी जिसका नतीजा यह रहा कि उनका स्थानांतरण बाराबंकी होने के बावजूद भी आज भी इनको अयोध्या के जनपद वासी नहीं भूले हैं।उनके बारे में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नवभारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या से बातचीत में लोगों ने जिस में खासकर महिलाओं छात्राओं व लड़कियों ने कहा कि यहाँ पर रही निरीक्षक महिला थाना प्रभारी कुमारी रत्न अयोध्या कुमारी रत्ना द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय है।मालूम हो उसी तरीके से बाराबंकी जनपद में ही इस समय निरीक्षक कुमारी रत्ना जिला नोडल महिला डेस्क प्रभारी का दायित्व का निर्वहन कर रही हैं दूरभाष पर उन्होंने बताया शासन के अनुरूप व उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे वह बखूबी निभाएंगे उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्रथम प्राथमिकता है।

पति–पत्नी का एक साथ उठा जनाजा : पति की मौत का सदमा नहीं बर्दाश्त कर सकी पत्नी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) साथ जीएंगे साथ मरेंगे की बातें तो होती रहती हैं लेकिन रुदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अल्हवाना में ऐसा होते सबने देखा जब पति–पत्नी का जनाजा एक साथ उठा। ज्ञात हो कि 21 जून मंगलवार को ग्राम अल्हवाना निवासी मोहम्मद इदरीस अपनी मोपेड गाड़ी से ग्राम मुजफ्फरा में लगने वाली टाटी बाबा की बाजार जा रहे थे जिनको मुजफरा गांव के निकट ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या की ओर जा रही एक तेज रफ्तार यूपी 51 ए आर 7921 बालेनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे मोहम्मद इदरीस पुत्र निरहू उर्फ मुबारक 60 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई।पति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर सुनते ही पत्नी रब्बुन निशा अपने पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नही कर सकीं और उनकी तबियत अचानक खराब हो गई और वह बेहोश हो गई उनकी तबियत और अधिक बिगड़ती देखकर लोगों ने उन्हें इलाज के लिए फैजाबाद के प्रावेट अस्पतालों में दिखाया जिनकी हालत सीरियस देखते हुए डाक्टरों ने भर्ती नही किया जिन्हें रात में ही परिजन घर ले आए।रब्बुन निशा को बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे अचानक पलटी हुई उसी के बाद उनकी भी मौत हो गई और उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उनकी पुत्रियों का रोरोकर बुरा हाल है।उनकी मौत की खबर गांव में सुनते ही गांव सहित आसपास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।पति पत्नी की दर्दनाक मौत की खबर सुनकर कोई भी अपने आंसू को नहीं रोक पाया।स्वर्गीय मोहम्मद इदरीस के एक लड़का व चार पुत्रियां है।इदरीस का एक ही लड़का मोहम्मद शमीम है जो सऊदी अरब में रहता है।अपने पिता की दुर्घटना में हुई मौत की खबर पर बुधवार को घर पहुंचते ही अपने मां बाप का एक साथ जनाजा देखकर फफक फफक कर रो पड़ा जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखे भी नम हो गईं।सैकड़ों की संख्या में लोगों ने एक साथ पति पत्नी के जनाजे को बुधवार को 6 बजे उनके अबाई कब्रिस्तान आदम शहीद रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह स्थित कब्रिस्तान दरगाहन में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से सुपुर्दे खाक कर दिया।

टांप–टेन अपराधी व गैगेस्टर एक्ट से संम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शैलेश कुमार पाण्डेय ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिहं के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 अविनाश चन्द्र द्वारा द्वारा दौराने चेकिंग संदिग्ध वाहन/ ब्यक्ति अभियुक्त 1. राम कुमार कोरी पुत्र दुखराम कोरी निवासी इमली पटवन थाना को0 रुदौली जनपद अयोध्या के पास से एक देशी तमंचा 312 बोर व एक जिन्दा कारतूस 312 बोर बरामद हुआ जिसे समय 09.10 बजे रावण मैदान जलालपुर रोड बडी नहरपुलिया मो0 अकबरगंज के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई । जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 266/2022 धारा 3(1)यू0पी0 गैगेस्टर से समबन्धित अभियुक्त व टाप–टेन अपराधी है।

नव भारतीय किसान संगठन अयोध्या ने राष्ट्रपति को 9 सूत्री ज्ञापन भेजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रपति जी को संबोधित 9 सूत्री मांग पत्र ए.डी. एम. प्रशासन श्री अमित सिंह को संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर सौंपा, जिसमें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पूर्ण रुप से लागू करने, तीनों कृषि कानून को किसान संयुक्त मोर्चा के साथ बैठकर विधेयक बनाने, प्रत्येक किसान परिवार को कृषि कार्य हेतु निशुल्क बिजली, प्रत्येक किसान परिवार के 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ जनों को ध्5000 मासिक पेंशन, किसान परिवार को निशुल्क चिकित्सा, दवा, जांच व शल्य चिकित्सा उपलब्ध कराने, तथा अग्नि पथ योजना का समर्थन के साथ–साथ सुरक्षा व गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए अग्नि वीरों का समायोजन अन्य विभागों में प्राथमिकता से 100: करने, सभी किसानों के लिए लागू योजनाओं का प्राथमिक पाठशाला , विद्यालयों पर स्पष्ट रूप से लिखवाने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वालों की वर्ष वार सूची भी प्रदर्शन करने की मांग के साथ जिन परिवारों को एक बार आरक्षण का लाभ मिल चुका है, उस परिवार को संतृप्त परिवार मानते हुए भविष्य में उन्हें या उनके परिवार को आरक्षण सूची से बाहर करने के संबंध में मांग पत्र सौंपा गया ,प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शिव प्रसाद पांडे ने कहा कि सरकार तो योजनाएं बनाती सही हैं परंतु भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी व अधिकारी ,भू माफिया व अपराधी तत्वों के साथ सांठगांठ कर योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचने देते, छोटी–छोटी घटनाएं थाने वाले निस्तारण ना कर इतनी गंभीर बना देते हैं की गांव में हत्या तक हो जाती है,फर्जी रिपोर्ट देने वाले कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती, उसका सीधा कारण कि भ्रष्टाचार में अधिकारियों की भी संलिप्तता होती है और हिस्से में हिस्सेदार होते हैं यदि पुलिस तथा राजस्व विभाग सही ढंग से काम करने लगे तो समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगे, आज के ज्ञापन मैं मुख्य रूप से शिव प्रसाद पांडे प्रदेश उपाध्यक्ष, शिव शंकर मिश्रा जिला अध्यक्ष, रामानंद दुबे ,मंगला देवी, चिंतामणि मिश्रा, राम शंकर ,पंचम राम ,कुलदीप साहू मालती, राधा, राधेश्याम गोस्वामी, अर्जुन मिश्रा ,मोहम्मद इरफान, बाल गोविंद, कंचन, सूर्यभान यादव, मीरा देवी ,सहित दो दर्जन से ज्यादा लोग उपस्थित रहे।

आगामी 25– 26 जून को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अधिवेशन एवं त्रिवार्षिक चुनाव का होगा कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आगामी 25– 26 जून को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय अधिवेशन एवं त्रिवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम के0टी0 पब्लिक स्कूल परिसर में महाराणा प्रताप भवन सभागार में होगा आयोजित।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह होंगे शामिल।दो दिवसीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ,महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश,दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रांतों के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी सहित विशेष महासभा प्रतिनिधि कार्यक्रम में लेंगे भाग। 26 जून को 4:00 बजे कार्यक्रम का होगा समापन।जिसकी जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ एचबी0सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी।

सार्वजनिक रास्ते पर खड़ंजा निर्माण रोके जाने का मामला पहुंचा सीएम दरबार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम रेवना मजरे पूरे तुलापुर में आम रास्ते पर खड़ंजा निर्माण रोके जाने का मामला मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंच गया है। जिला अधिकारी ने भी मिल्कीपुर तहसीलदार को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया है।वहीं शिकायत कर्ता ने हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर दिये गए प्रार्थना पत्रों पर फर्जी आख्या लगाने का आरोप लगाया है।इस संबंध में ग्राम रेवना निवासी श्रवण कुमार पांडे ने बताया कि ग्राम रेवना के मजरे तुलापुर में गांव के दक्षिण चकमार्ग से निकलकर एक बहुत पुराना सार्वजनिक रास्ता अखिलेश पांडे, अवधेश पांडे, सच्चिदानंद पांडे व सुरेश कुमार व कामाख्या प्रसाद के दरवाजे से होते हुए गांव के पश्चिम चकमार्ग के माध्यम से सिंधौरा आहरन सुवंश संपर्क मार्ग से पक्की सड़क में जुड़ा हुआ है। जिस पर गांव के दक्षिण चकमार्ग से अखिलेश व अवधेश पांडे के दरवाजे तक पहले से ही खड़ंजा लगा हुआ है। गांव के पश्चिम कामाख्या पांडे के दरवाजे से पक्की सड़क तक मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना के तहत खड़ंजे का निर्माण कार्य चल रहा है। बीच में अवधेश पांडे के दरवाजे से कामाख्या प्रसाद के दरवाजे तक जिसकी दूरी लगभग 25–30 मीटर है।इस रास्ते को निर्माण से वंचित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव के एक दबंग व्यक्ति इस मार्ग पर खड़ंजा लगने से मना कर रहे हैं, जिससे यह सार्वजनिक रास्ता पूर्ण रूप से बाधित होता नजर आ रहा है।पीड़ित ग्रामवासी ने इस बात का शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भी भेजा है। यही नहीं इस मामले में डीएम नितीश कुमार ने तहसीलदार मिल्कीपुर को परीक्षण उपरांत आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराते हुए आख्या प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। इसके बावजूद अभी तक मामला जस का तस पड़ा हुआ है।

पुलिस ने लापता किशोरी किया बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मवई पुलिस ने एक पखवारा पूर्व लापता हुई किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिये भेज दिया।मवई थाना क्षेत्र के एक गांव में गत पांच जून को एक किशोरी शाम को अचानक घर से लापता हो गयी।किशोरी के परिजनों ने रात भर उसकी खोजबीन की लेकिन उसका सुराग नही लग सका। 6 जून को किशोरी के पिता ने मवई थाना पहुंच कर अपनी लड़की के लापता होने के सम्बन्ध में तहरीर दी।पुलिस ने धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि मुखबिर के जरिये सूचना मिली किशोरी मवई चौराहा के निकट बैंक आफ इंडिया के सामने कहीं जाने के लिये वाहन का इंतिजार कर रही है।प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह को भेजा।उपनिरीक्षक ने महिला सिपाही को लेकर मौके पर पहुंच कर उसे बरामद कर लिया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा गया है।

बलिदान दिवस पर याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने श्रद्धेय श्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर सादर नमन करते हुए बताएं कि राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद अपना सर्वस्व न्योछावर



करने वाले जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं महान देशभक्त थे। आज उनके निधन पर हम सभी उनके किए गए कार्यों की काफी सराहना करता हूं एवं उनके बताए गए पथ पर चलने का दृढ़ संकल्प लेता हूं आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है भारत के उज्जवल भविष्य के बारे में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी साहब का निरंतर ध्यान रहा है आज उनके नहीं रहने से हम सभी लोग काफी चिंतित नजर आते हैं लेकिन संघर्ष ही जीवन है संघर्ष हमारा जारी है उनके बलिदान दिवस पर मैं कृपा निधान तिवारी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हूं इस 'पुनीत कार्य के लिए जो उन्होंने भारत के उज्जवल भविष्य के बारे में सोचा था आज उनके नहीं रहने से मुझे काफी दुख है इस दुख की घड़ी में मैं उन्हें कोटि–कोटि नमन करता हूं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।